Class VII

पाठ- 12 घीसा

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए

(क) घीसा का गांव कहां बसा हुआ था?

उ० घीसा का गांव गंगा किनारे बसा हुआ था।

(ख) लेखिका की पाठशाला कहां लगती थी?

उ० लेखिका की पाठशाला एक पीपल के पेड़ के नीचे लगती थी।

(ग) घीसा ने गुरु- दक्षिणा में क्या दिया?

उ० घीसा ने गुरु दक्षिणा में एक तरबूज दिया।

(घ) क्या देकर घीसा ने तरबूज खरीदा?

उ० घीसा ने अपना नया कुर्ता देकर तरबूज खरीदा।

(ङ) घीसा शनिवार को क्या करता था?

उ०शनीचर के दिन ही घीसा अपने छोटे और दुर्बल हाथों से पीपल की छाया को गोबर मिट्टी से पीला चिकनापन दे आता था।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए

(क) घीसा अन्य बच्चों से कैसे भिन्न था?

उ०घीसा उनमें अकेला ही रहा। पढ़ने ,उसे सबसे पहले समझने, उसे व्यवहार के समय स्मरण रखने, पुस्तक में एक भी धब्बा न लगने , स्लेट को चमचमाती रखने और फिर अपने छोटे -छोटे काम का उत्तरदायित्व बड़ी गभीरता  से निभाने में उसके समान कोई चतुर न था।

(ख) सफाई का महत्व समझाने के बाद बच्चे किस रूप में दिखाई पड़े?

उ० सब जैसे- के -तैसे  ही सामने थे।केवल कुछ गंगा जी में मुंह इस तरह धो आए थे कि मैल अनेक रेखाओं में विभक्त हो गया था। कुछ के हाथ पाव ऐसे घिसे थे कि शेष मलिन शरीर के साथ वे अलग जुड़े हुए से लगते थे और कुछ मेले फटे कुर्ते घर पर ही छोड़कर ऐसे अस्थि पंजरमय  रूप में आ उपस्थित हुए थे।

(ग) गीता रविवार को क्या करता था?

उ० घीसा रविवार को मां के मजदूरी पर जाते ही पेड़ के नीची डाल पर रखी मेरी शीतलपाटी उतारकर बार-बार झाड़-पोछकर  बिछाई जाती, कभी काम न  आने वाली सूखी स्याही लगी कांच की दवात, टूटे नीब और उखड़े हुए रंग वाले भूरे- हरे कलम को पेड़ के कोटर से निकालकर यथास्थान रख दिया जाता और तब इस विचित्र पाठशाला का विचित्र मंत्री और निराला विद्यार्थी कुछ आगे बढ़ कर मेरे  सप्रणाम स्वागत के लिए प्रस्तुत हो जाता।

(घ) क्या देखकर लेखिका का रोम-रोम गीला हो गया?

उ० जब घीसा नहाकर  गीला अंगोछा लपेटे और आधा भीगा कुर्ता पहने अपराधी के समान मेरे सामने आ खड़ा हुआ तब आंखें ही नहीं, मेरा रोम-रोम गीला हो गया।

(ङ) घीसा का शारीरिक रंग कैसा था?

उ० गीता का शारीरिक रंग काला( गहरा  सांवला) था।

नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर संबंधित प्रश्नों के उत्तर लिखिए

होली के पहले---------------------------------------देखने चली।

(क) यह घटना किस समय की है?

उ० यह होली से पहले की घटना है।

(ख) घीसा की मां को काम पर क्यों जाना पड़ा?

उ० घीसा की मां को उसके लिए साबुन खरीदने के लिए पैसे न होने के कारण काम पर जाना पड़ा।

(ग) घीसा को क्या हो गया था?

उ० घीसा को बुखार हो गया था।

(घ) हिंदू -मुस्लिम वैमनस्य  का क्या अर्थ है?

उ० हिंदू -मुस्लिम वैमनस्य  का अर्थ है 'जातिगत भेदभाव या मनमुटाव।'

(ङ) स्मृति शब्द का अर्थ लिखकर वर्ण -विच्छेद कीजिए।

उ० स्मृति याददाशत, स्मृति=स् +म् +ऋ+त् +इ

## पाठ-13 नीतिवचन

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए
(क) वर्षा का महत्व कब होता है?
उ० वर्षा का महत्व फसल सूखने से पहले होता है।
(ख) सज्जन किसका भला चाहते हैं?
उ० सज्जन सभी का भला चाहते हैं।
(ग) विपत्ति कहां वास करती है ?
उ० जहां कुमति होती है, वहां विपत्ति वास करती है।
(घ) कायर के मन में हमेशा क्या रहता है?
उ० कायर के मन में हमेशा डर रहता है।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए
(क) वशीकरण मंत्र से क्या संभव है?
उ० वशीकरण मंत्र से चारों ओर सुख फैलता है।
(ख) कुमति और सुमति व्यक्ति के जीवन को कैसे प्रभावित करती है?
उ०जहां कुमति होती है, वहां विभिन्न प्रकार की विपत्तियां आती है और जहां सुमति होती है ,वहां संपत्ति बढ़ती है।
(ग) आलसी व्यक्ति देव -देव क्यों पुकारते हैं?
उ०आलसी व्यक्ति देव- देव इसलिए पुकारते हैं क्योंकि वह कर्म नहीं करते बल्कि भाग्य के भरोसे बैठे रहते हैं।
(घ) सबसे बड़ा धर्म कौन- सा है?
उ० सबसे बड़ा धर्म दूसरों की भलाई करना है।
(ङ) सचिव ,वैद्य और गुरु यदि भय से प्रिय वाक्य बोलने लगे ,तब क्या होता है?
उ०सचिव, वैद्य और गुरु यदि भय से प्रिय वाक्य बोलने लगे ,तब राज्य, धर्म और शरीर तीनों का नाश हो जाएगा।

नीचे लिखी पंक्तियों का भाव स्पष्ट कीजिए
"परहित सरिस धर्म नहिं भाई।
पर पीड़ा सम नहिं अन्याई।"
भाव- परहित के समान दूसरा धर्म नहीं है और दूसरों को दुख पहुंचाने से बड़ी नीचता कोई नहीं है।

नीचे दिए गए पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर संबंधित प्रश्नों के उत्तर लिखिए
"तुलसी----------------------संजोग।"
(क) तुलसीदास जी के अनुसार इस संसार में किस -किस प्रकार के व्यक्ति रहते हैं?
उ० तुलसीदास जी के अनुसार इस संसार में भांति -भांति के प्राणी (लोग )है और सभी के स्वभाव अलग-अलग है।
(ख) सबके साथ मेल- मिलाप से क्यों चलना चाहिए?
उ०सबके साथ मेल- मिलाप से इसलिए चलना चाहिए क्योंकि आज जो है वह कल नहीं होगा ।जीवन भर तो साथ रहना नहीं है फिर क्यों लड़े भिड़े अतः सबके साथ अच्छे संबंध रखने चाहिए।
(ग) शुद्ध रूप लिखिए -इह,सबसों, चलिए
उ० इह-इस सबसों-सबसे चालिए-चलो

## पाठ- 14 हिम्मत और जिंदगी

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए-

(क)' पानी अमृत है' यह कौन जानता है?
उ०पानी में जो अमृतवाला तत्व है उसे वह जानता है जो धूप में खूब सूख चुका है।
(ख) सुख का अधिक स्वाद किसे मिलता है?
उ० जो सुखों का मूल्य पहले चुकाते हैं और उनके मजे बाद में लेते हैं उन्हें स्वाद अधिक मिलता है।
(ग) चांदनी की शीतलता का अनुभव कौन करता है?
उ०चांदनी की ताजगी और शीतलता का आनंद वह मनुष्य लेता है जो दिन भर धूप में खटकर लौटा है।
(घ) श्री विंस्टन चर्चिल ने क्या कहा है?
उ०श्री विंस्टन चर्चिल ने कहा है कि जिंदगी की सबसे बड़ी सिफत हिम्मत है , आदमी के और सारे गुण उसके हिम्मती होने से ही पैदा होते हैं।
(ङ) किस आदमी में दुनिया की असली ताकत होती है?
उ० जनमत की उपेक्षा करके जीनेवाले आदमी में दुनिया की असली ताकत होती है।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए
(क) जिंदगी का असली मजा कैसे प्राप्त होता है?
उ०जिंदगी का असली मजा उन व्यक्तियों को प्राप्त होता है जो दिन भर कड़ी मेहनत करके खून पसीना बहाते हैं।
(ख) अकबर ने किस कारण से अपने पिता के दुश्मन को परास्त कर दिया?
उ० अकबर का जन्म रेगिस्तान में हुआ था उस समय उसके पिता के पास बस एक कस्तूरी को छोड़कर कोई भी दौलत नहीं थी अकबर ने अपना जीवन बड़े ही संकट में बिताया  इसलिए उसने अपने पिता के दुश्मनों को प्राप्त कर दिया और हिम्मत और साहस के साथ जीत हासिल की।
(ग) महाभारत में पांडवों की जीत के पीछे क्या कारण था?
उ०महाभारत में पांडवों की जीत के पीछे कारण यह था कि उन्होंने लाक्षागृह की मुसीबत झेली थी और वनवास के जोखिम को पार किया था ,उन्हें संकटों का सामना करना अच्छी तरह आता था।
(घ) क्रांति करने वाले लोगों की क्या विशेषता होती है?
उ०क्रांति करने वाले लोग अपने उद्देश्य की तुलना न तो पड़ोसी के उद्देश्य से करते हैं और ना ही अपनी चाल को पड़ोसी की चाल देखकर मद्धिम बनाते हैं।
(ङ) अर्नाल्ड बैनेट के अनुसार कौन से लोग सुखी नहीं होते?
उ० अर्नाल्ड बैनेट के अनुसार जो आदमी यह महसूस करता है कि किसी महान निश्चय के साथ वह साहस से काम नहीं ले सकता, जिंदगी की चुनौतियों को कबूल नहीं कर सकता, वह सुखी नहीं हो सकता।

आशय स्पष्ट कीजिए-
(क) बड़ी चीजें बड़े संकटों में विकास पाती हैं।
उ० किसी भी बड़ी समस्या का विस्तार बड़ी चीज में ही पाया जाता है।
(ख) झुंड में चलना पभेड़ों का काम है सिंह तो अकेला चलता है।
उ०जो व्यक्ति हिम्मती एवं शक्तिशाली होता है वह दूसरों की राह पर नहीं चलता जैसे कि सिंह अकेला ही जंगल में घूमता है।
(ग)दुनिया में जितने भी मजे बिखेरे गए हैं, उनमें तुम्हारा भी हिस्सा है ।वह चीज भी तुम्हारी हो सकती है ,जिसे तुम अपनी पहुंच के परे मानकर लौटे जा रहे हो।
उ०कहने का तात्पर्य है कि दूरी दुनिया में अनेक भौतिकता  से जुड़ी वस्तुएं उपलब्ध है, उस पर किसी एक का अधिकार नहीं होता बल्कि उस पर सभी का हक होता है ,अतः उन्हीं में से एक तुम भी हो ;वह चीज तुम्हारी भी हो सकती है जिसे तुम अपनी क्षमता से बाहर समझते हो।

नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर संबंधित प्रश्नों के उत्तर लिखिए
"साहस की -----------------------सोच रहे हैं?"
(क) साहस की जिंदगी कैसी होती है?
उ० साहस की जिंदगी सबसे बड़ी जिंदगी होती है।
(ख) साहसी मनुष्य की क्या पहचान है?

उ० साहसी मनुष्य की पहचान है कि वह इस बात की चिंता नहीं करता कि तमाशा देखने वाले लोग उसके बारे में क्या सोच रहे हैं।
(ग) 'निडर' और 'बेखौफ' में कौन- सा उपसर्ग लगा है?
उ० निडर में 'नि' उपसर्ग और बेखौफ में 'बे' उपसर्ग लगा है।
(घ) उपयुक्त गद्यांश के लेखक का नाम बताइए।
उ० उपयुक्त गद्यांश के लेखक श्री रामधारी सिंह दिनकर जी हैं।